# आयुक्त ने जर्जर स्कूलो का निरीक्षण कर आवश्यक संधारण कराने के दिए निर्देश

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत पार्किंग व्यवस्था, शासकीय स्कूल एवं उद्यान में वृक्षारोपण का आयुक्त ने किया निरीक्षण। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा तीन दर्शन मंदिर के आस–पास रिक्त स्थलों का निरीक्षण कर पार्किंग की व्यवस्था बनाने हेतु उपस्थित जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देशित किए हैं। चर्चा अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वृक्षारोपण करने एवं पार्किंग स्थल का निर्माण पश्चात किराया निर्धारण करने निर्देशित किए हैं, जिससे निगम की आय में वृद्वि की जा सके। आयुक्त ने वार्ड पार्षद एवं प्रधान पाठक के निवेदन पर 18 नंबर रोड वार्ड क्रं. 30 सुभाष चौंक शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर जर्जर हो रहे भवन को तोड़कर समतलीकरण कराने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही हेतु कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किए है। वार्ड क्रं. 30 केम्प–2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं वार्ड क्रं. 31 मदर टेरेसा नगर का अवलोकन किया गया। स्कूल के कक्ष का सिलिंग उखड़ कर गिर रहा है, जिसका संधारण एवं अन्य आवश्यक कार्य कराने हेतु कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किए है। वार्ड क्रं. 31 जयंती उद्यान में वूमेन फार ट्री योजना अंतर्गत महिला स्व–सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा है, जिसका निरीक्षण कर आयुक्त ने स्वयं पौधा रोपण किया। उक्त उद्यान में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, उनके द्वारा निगम की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जाता है। इसके लिए आयुक्त ने निगम से एक सुरक्षा गार्ड नियुक्त किये जाने के संबंध में चर्चा किए है। यदि उद्यान में असमाजिक गतिविधि या गलत कृत्य करते हुए पाये जाते हैं, तो तत्काल संबंधित के खिलाफ थाने में एफ.आई.आर. दर्ज कराया जाएगा। नशे में संलिप्त या नशे के उद्देश्य से उद्यान जाने वाले असमाजिक व्यक्ति सावधान रहे, अन्यथा नगर पालिक निगम भिलाई संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करेगी। नगर निगम की निगरानी टीम कभी भी निगम क्षेत्र के उद्यानों में निरीक्षण कर सकते हैं, कार्यवाही की जिम्मेदारी नशे में संलिप्त व्यक्ति की होगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, जोन स्वच्छता निरीक्षक चुर्णमणी यादव, सहायक उद्यान अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित रहे।

